दिनांक- 23 मई 2023 न्यूनतम तापमान: 28.6 °C अधिकतम तापमान: 43.9 °C

मौसम अपडेट

पूर्वानुमान के अनुसार, जिला हनुमानगढ़ में आगामी दिनों में 27 मई तक मौसम में बदलाव संभावित है। आगामी दिनों में बादल छाए रहने के साथ धूलभरी हवाएं (40-50 kmph), मेघगर्जन, बिजली गिरने के आसार है। 23 व 27 मई को कहीं-कहीं बूंदाबांदी या हल्की बारिश तथा मुख्यत 24, 25, 26 मई को सिस्टम का प्रभाव अधिक रहने से कहीं-कही मध्यम बारिश के साथ ओलावृश्टि हो सकती है। पांच दिनों मे अधिकतम तापमान 37.0 से 42.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.0 से 28.0 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। सापेक्ष आर्द्रता 13-70 प्रतिशत हो सकती है। हवा की औसत गति 6.0 से 25.0 किमी प्रति घंटे हो सकती है। सलाह गरज के साथ तूफान और आकाशीय बिजली से बचाव के लिए बिजली संचालन करने वाली उपयोगी लाइनों और वस्तुओं से दूर रहे। पेड़ के नीचे और विशेष रूप से पृथक पेड़ के नीचे आश्रय न लें। पशुओं को सुरक्षित स्थान पर रखें। संभावित मौसम अनुमान के अनुसार यात्रा करने से बचे। खुले में पड़े अनाज को कवर करें और सुरक्षित स्थान पर रखें।